पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में विश्वविद्यालय के ललित कला के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए भित्ति-चित्रों का किया अवलोकन

विद्यार्थियों ने टीम भावना के साथ भारतीय लोक कला को दीवारों पर जीवंत किया है

भित्ति चित्रण विद्यार्थियों की रचनात्मकता के साथ-साथ भारतीय लोक सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रदर्शन है

-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 27 फरवरी, 2025

प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के अटल अतिथि गृह में विश्वविद्यालय के ललित कला के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए भित्ति-चित्रों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में अद्भुत प्रतिभा है व टीम भावना के साथ उन्होंने भारतीय लोक कला को दीवारों पर मूर्त रूप दिया है।

राज्यपाल जी ने 50 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा अटल अतिथि गृह की दीवारों पर प्रदर्शित भित्ति चित्रों का अवलोकन किया, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, केरल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश आदि की लोक

कला और जनजातीय कलाओं का चित्रण किया गया था। ये चित्र विभिन्न परंपरागत कला शैलियों जैसे मधुबनी, कलमकारी, सांझी, पिछवई, गोंड, कोहबर, केरला भिति चित्रण और तुलसी-चौरा आदि पर आधारित थे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि यह भिति चित्रण न केवल उनकी रचनात्मकता को दर्शाता है, बल्कि यह भारतीय लोक सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करता है।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों ने लोक संस्कृति को आम जनमानस तक पहुँचाने के लिए अपनी कला का प्रदर्शन किया है। इसके माध्यम से विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधताओं को प्रदर्शित किया गया है, जो दर्शकों के लिए एक अनूठा अनुभव है।

इस अवसर पर नगर विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्ता, मंडल आयुक्त श्री गौरव दयाल, जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह, अन्य अधिकारीगण, विश्वविद्यालय के अध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

संपर्क सूत्र:
कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9454468250

डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080